भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1706

जिसका उत्तर मंगलवार, 02 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

1706. श्री सु. थिरुबवुक्करासर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) चिली और एस्टोनिया जैसे देशों से पहला निर्यात-आदेश प्राप्त होने के बाद अंतराष्ट्रीय बाज़ार में अपना कारोबार बढ़ाने की योजना बना रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) चिली और एस्टोनिया से प्राप्त पहले निर्यात-आदेश का उत्पाद-वार मूल्य क्या है;

(घ) क्या इन देशों के साथ कोई समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री अरविंद गणपत सावंत)

(क) से (ग): जी, हाँ।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) अपने अनेक उत्पादों और सेवाओं के संवर्धन हेतु अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगातार कारोबार अवसरों का पता लगा रहा है।

बीएचईएल को चिली और एस्टोनिया से प्राप्त पहले निर्यात आदेशों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

i. नवम्बर, 2016 में निक्वल इलेक्ट्रिक लिमिटेड, चिली से लगभग ₹29 लाख के ट्रांसफार्मर बुशिंग का आदेश।

ii. फरवरी, 2017 में एससीएएनएफआईएल ओ वाई वानासेगा एस्टोनिया से ₹2 लाख के इलेक्ट्रोनिक कार्डों का आदेश।

बीएचईएल द्वारा उपर्युक्त आदेशों को सफलतापूर्वक निष्पादित कर दिया गया है।

(घ): बीएचईएल द्वारा चिली तथा एस्टोनिया के साथ किसी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

(ङ): उपर्युक्त (घ) के मद्देनजर लागू नहीं।

*****